Ban on Japanese Firm

1023. SHRIMATI SATYA BAHIN: Wil1 the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

a) what is the number of orders to were placed through Engineers is Limited by Indian Oil Corpo-ion, GAIL AND ONGC on a Japa-e Trading Company namely sho Iwai Corporation for the lancial year 1986-87 to 1988-89; and

b) what are the item-wise details reof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. ANKARAN AND): (a) and (b) trough Ms. Engineers India nited, only Indian Oil Corporation mited had placed one order on Ms. ssho Iwai Corporation for supply pipes, during this period.

एरलाइन्स में दोहरी किराया नीति

1024. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयर लाइन्स के यात्री किरायों में प्रस्तावित वृद्धि से कितनी आय होने का अनुमान है ;

(ख) क्या इस वृद्धि को लागू करते समय स्वदेशी यात्रियों और विदेशी पर्यटकों के लिए यात्री किराए की दो भिन्न-भिन्न दरें प्रारंभ की गई हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) एयरइंडिया और इंडियन एयरलाइन्स के किराए में वृद्धि करने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

(ख) इस संबंध में कोई नई नीति प्रारंभ नहीं की जा रही है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

कोयला उद्योग को हुआ घाटा

1025. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार ने इस उद्योग में भारी मात्रा में पूंजी का निवेश किया है ;

(ख) यदि हां, तो मार्च, 1991 के अंत तक पूंजी के रूप में इस उद्योग में कुल कितनी धनराशि निवेशित की गई है ;

(ग) इस राशि में सरकारी राशि, विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋण और गैर-सरकारी राशि की अलग-अलग मात्रा कितनी है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि पिछले वर्षों के दौरान इस उद्योग को भारी घाटा हुआ है ;

(ङ) यदि हां, तो राष्ट्रीयकरण के बाद से मार्च, 1991 के अंत तक इस उद्योग को कुल कितनी हानि हुई है और क्या अब सरकार द्वारा किए गए पूंजी के भारी निवेश के बावजूद अत्यधिक आर्थिक हानि होने के कारण इस संस्थान के प्रबंध में आमूल-चूल परिवर्तन करने का विचार रखती है ; और

(च) यदि नहीं, तो उनके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस. बी. नयमेगौड़ा) : (क) से (च) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।